



# बृहन्महाराष्ट्र मंडल का 74वां अधिवेशन

- कुंभोजकर अध्यक्ष और
- कर्पे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हेतु निर्विरोध निर्वाचित

**देवास।** बृहन्महाराष्ट्र मंडल, नई दिल्ली के 74वें त्रिवार्षिक अधिवेशन का तीन दिवसीय भव्य आयोजन रविवार को देवास में संपन्न हुआ। अधिवेशन के अंतिम दिन जहाँ मंडल की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए, वहीं कला और संस्कृति के अनूठे संगम ने देशभर से आए प्रतिनिधियों का मन मोह लिया।

अधिवेशन के जनसंपर्क प्रभारी उदय टाकलकर, अतुल मद्धव एवं शिरीष खड़ीकर ने संयुक्त रूप से विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अधिवेशन के अंतिम सत्र में सत्र 2026-2029 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जबलपुर के दिलीप कुंभोजकर को निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। स्थानीय स्तर पर हर्ष की लहर तब दौड़ गई जब देवास के दीपक कर्पे को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

कार्यकारिणी के अन्य प्रमुख पदों पर-प्रधान कार्यवाह शेखर अमीन (रायपुर), कार्यवाह प्रशांत बडवे (इंदौर), कोषाध्यक्ष यशोवर्धन फाटक (इंदौर), महिला उपाध्यक्ष पूनम कुलकर्णी (भोपाल), सह-कोषाध्यक्ष नितिन कपिलेश्वरकर (बेलगाँव), मालवा विभागीय सुनील धर्माधिकारी (इंदौर), विभागीय कार्यवाह सर्वोत्तम जोशी (तेलंगाना) विजयी रहे।

निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शरयू वाघमारे ने ट्रिब्यूनल सदस्य दिनेश शिंदे (बड़ौदा),प्रकाश कोरडे (देवास) एवं संजय कोटस्थाने के सहयोग से संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष सम्पन्न करवाई तथा निर्वाचित समस्त पदाधिकारियों को विधिवत प्रमाण पत्र प्रदान किए।

नवीन कार्यकारिणी के भव्य स्वागत के साथ ही देशभर से आए अतिथियों ने देवास की मेजबानी को सराहा। फरीदाबाद के शांताराम राजे, लखनऊ के धनंजय मोघे और बिलासपुर के शैलेंद्र गोवर्धन आदि ने सफल और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए महाराष्ट्र समाज, देवास के समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की विशेष प्रशंसा की।

### कला दीर्घा बना आकर्षण का केंद्र

अधिवेशन में इंदौर के ख्यात पक्षी प्रेमी डॉ. अरुण खेर द्वारा प्रदर्शित दुर्लभ कलाकृतियों ने दर्शकों को अचंभित कर दिया। डॉ. खेर ने पिस्ते और अंडे के छिलकों पर सूक्ष्म चित्रकारी कर अपनी अद्भुत कला का परिचय दिया। साथ ही, सागर की संध्या सरवटे की चित्रकारी की प्रदर्शनी को भी काफी सराहना मिली इन प्रदर्शनियों का शुभारंभ पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन (ताई) के कर-कमलों द्वारा हुआ। ताई ने दोनों कलाकारों की कला की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे अधिवेशन की बड़ी उपलब्धि बताया।

# आधी रात महिलाओं से अभद्रता का वीडियो वायरल

**देवास।** देवास जिले के कांटाफोड़ क्षेत्र से एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस की कथित कार्यप्रणाली सामने आई है। वायरल वीडियो के आधार पर दावा किया जा रहा है कि आधी रात को बिना महिला पुलिसकर्मियों के आदिवासी परिवारों के घर पहुंचकर महिलाओं के साथ अभद्रता, मारपीट और गाली-गलौज की गई।

### बीट प्रभारी ने किया अभद्र भाषा का प्रयोग

वीडियो में बीट प्रभारी बघेल पर महिलाओं के लिए अत्यंत आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए सुना जाना बताया जा रहा है। विरोध करने पर महिलाओं के साथ झूमाझटकी की स्थिति भी दिखाई दे रही है। पूरी घटना कैमरे में कैद है, जिससे मामला और गंभीर हो गया है।

### मोबाइल छीनते नजर आए पुलिसकर्मी

इतना ही नहीं, वीडियो में यह भी देखा जा सकता है कि जब एक युवक घटना को रिकॉर्ड कर रहा था, तो पुलिसकर्मी उसका मोबाइल छीनते नजर आते हैं। मोबाइल छुड़ाने और उसे अपने कब्जे में लेने का दृश्य भी रिकॉर्ड हो गया, जिसने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर और सवाल खड़े कर दिए हैं।

रक्षक की भूमिका में भक्षक बने इन पुलिसकर्मियों के व्यवहार ने न केवल खाकी को दागदार किया है, बल्कि मानवाधिकारों और पुलिस नियमों की भी धज्जियां उड़ा दी हैं। कानून का पालन कराने वाली वर्दी यदि खुद नियमों को ताक पर रखती दिखाई दे, तो व्यवस्था पर प्रश्न उठना लाज़िमी है।



### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचे आदिवासी समाजजन

घटना के बाद आदिवासी समाज के लोग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौम्या जैन के पास पहुंचे और लिखित आवेदन/ज्ञापन सौंपकर संबंधित पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। महिलाओं ने भी अधिकारियों के समक्ष अपनी आपबीती सुनाई और आरोप लगाया कि रात के समय घर में घुसकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया, धक्का-मुक्की की गई तथा भय का माहौल बनाया गया। महिलाओं ने यह भी कहा कि बिना महिला पुलिस की मौजूदगी के इस तरह की कार्रवाई कर नियमों का उल्लंघन किया गया। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश पुलिस के अंतर्गत देवास जिले के पुलिस अधीक्षक जहां एक ओर पुलिस और जनता के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर काँटाफोड़ की यह घटना उनकी कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाती नजर आ रही है।

# महिलाओं ने की होलिका की पूजा

**सोनकच्छ।** होलिका दहन त्यौहार को पारम्परिक रूप से मनाते हुए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में होलिका रूपी होली की स्थापना की गई, जिन्हें अल सुबह जलाया गया। मंगलवार को होली दहन से पूर्व सोमवार शाम महिलाओं ने परम्परानुसार टोलियों के रूप में होली दहन स्थानों पर पहुंचकर होली के गीत गाकर होलिका की पूजा अर्चना की व पारम्परिक गोबर से निर्मित बरगुलियों की मालाएं व विभिन्न खाद्य सामग्रियां चढ़ाई तथा परिवार के सुख, समृद्धि व शान्ति की प्रार्थना की। नगर में सार्वजनिक रूप से एमजी रोड़ बजरंग चौराहे पर होली का दहन परम्परा अनुसार नगर पटेल द्वारा आज अलसुबह किया गया। वहीं सोमवारिया, लक्ष्मीबाई मार्ग, प्रगति नगर, कालीसिंध मार्ग, महावीर मार्ग, रविदास मार्ग, कबीर मार्ग, गढ़ी आदि क्षेत्रों मे समिति के प्रमुख लोगों द्वारा पूजा अर्चना के बाद होली का दहन किया गया। वहीं प्रगति नगर में आकर्षक होलिका का आकर्षक श्रृंगार किया गया। वहीं एहतियात के तौर पर टीआई अजय गुर्जर दलबल के साथ क्षेत्र का भ्रमण करते रहे।



# आरटीई प्रवेश आवेदन 13 से 28 मार्च तक

- 2 अप्रैल को लॉटरी से मिलेगा प्रवेश

**देवास।** आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों के लिए निजी विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश हेतु आरटीई सत्र 2026-27 के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया 13 मार्च से प्रारंभ होकर 28 मार्च तक चलेगी। पात्र अभिभावक निर्धारित तिथियों के भीतर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आरटीआई के अंतर्गत निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के लिए आरक्षित रहती हैं। अभिभावकों से अनुरोध है कि आवेदन करते समय सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे बच्चे का आधार कार्ड, माता-पिता का आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, बीपीएल/आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि पूर्ण रूप से तैयार रखें। आवेदन प्रक्रिया एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। किसी भी त्रुटि से बचने के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करना आवश्यक है।

## एक नजर में

### माहेश्वरी महिला मंडल ने मनाया फाग उत्सव



**भौंरासा।** नगर मे माहेश्वरी धर्मशाला में माहेश्वरी समाज महिला मंडल के द्वारा फाग उत्सव मनाया गया जिसमें एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी गई इस पर अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता लाहोटी, एव सचिव श्रीमती विजया बजाज, उपाध्यक्ष श्रीमती अर्पिता चिचाणी, कोषाध्यक्ष श्रीमती बृजबाला हेड़ा, सहसचिव श्रीमती संगीता लाहोटी, प्रचार प्रसार मंत्री श्रीमती सारिका सारडा, के तत्वाधान में गुलाल एवं फूलों से फाग उत्सव मनाया गया इस अवसर पर समस्त माहेश्वरी समाज की सभी महिलाए उपस्थित थी।

### पूर्व सरपंच राजाराम गुर्जर का निधन



**टोंक खुर्द।** ग्राम सरसोदा के धारा सिंह गुर्जर के बड़े भाई एवं राहुल गुर्जर के पिताजी ग्राम पंचायत सरसोदा के पूर्व सरपंच एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा अखिल भारतीय गुर्जर देवसेना के पूर्व जिला अध्यक्ष राजाराम गुर्जर का निधन शव यात्रा एवं अंतिम संस्कार मे शामिल हुए। मक्सी नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन सिंह(कालू पटेल),भाजपा पूर्व देवास जिला कार्य समिति निर्भय सिंह कराड़ा,भाजपा विधि प्रकोष्ठ पूर्व जिला संयोजक श्याम सिंह गालोदिया,टोंक खुर्द पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव,देवास बैंक नोट प्रेस के पूर्व चेकर चंदर सिंह गुर्जर,महेंद्र सिंह (खाटू पटेल),पूर्व सरपंच अर्जुन सिंह गुर्जर,जगदीश सिंह गुर्जर भैंसा खेड़ी,मानसिंह यादव,जितेंद्र यादव,विक्रम सिंह पटेल,अध्यापक बिहारी लाल छावड़ी, अनिल सिंह गुर्जर,रमेश गुर्जर आदि बड़ी संख्या में प्रमुख रूप से अंतिम संस्कार में शामिल हुए एवं स्वर्गीय पूर्व सरपंच गुर्जर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

### महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**देवास।** मां कैला देवी चौराहा स्थित अग्रकुल प्रवर्तक अग्रवाल समाज के आराध्य देव श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रकुमार गुप्ता (प्रतिभा गारमेंट्स), विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, समाज अध्यक्ष सोहन अग्रवाल द्वारा माल्यार्पण समाज के वरिष्ठ प्रेम कुमार अग्रवाल, विजय कैलाशचंद्र गोयल,, ताराचंद सिंघल, शरद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल हरदा, हुकमचंद अग्रवाल, भगवान गोयल, ओमप्रकाश बंसल, राजेश अग्रवाल मामा महेश अग्रवाल, पवन गोयल, जगदीश प्रसाद गर्ग, दिनेश मोदी दिलीप अग्रवाल, कन्हैयालाल सिंघल, देवेंद्र बंसल, संजय मित्तल, एवं अन्य वरिष्ठ समाजजन नवयुवक मंडल से सौरभ गोयल, विपुल अग्रवाल, भानु अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, हेमंत गोयल, दिलीप अग्रवाल, प्रिंस गोयल, हेमंत अग्रवाल,डॉ अंकित अग्रवाल, दीपू गोयल, सचिन मंगल, , हरीश अग्रवाल वरुण अग्रवाल विपुल अग्रवाल गंगाराम अग्रवाल और अन्य सभी युवा वर्ग साथी भी शामिल रहे। सभी की उपस्थिति ने माल्यार्पण के कार्यक्रम को गरिमामय बनाया। दुर्गेश अग्रवाल ने समाज की नवीन कार्यपरिषद में को ऑप्शन के द्वारा शामिल किए गए पवन गोयल एवं हरीश चन्द्र अग्रवाल ( अग्रवाल होजियरी) का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया।

# वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई का भव्य फाग उत्सव

**देवास ।** वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई देवास द्वारा फाग उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने होली से पूर्व पर भक्ति, रंगों और नारी शक्ति का अनुपम संगम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में फूलों की होली खेली गई, इस मौके पर भजनों की मधुर स्वर लहरियों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। यह फाग उत्सव न केवल होली के रंगों और रस का उत्सव था, बल्कि समाज में एकजुटता, सांस्कृतिक धरोहर और नारी सशक्तिकरण का भी सुंदर प्रतीक साबित हुआ। पूरे आयोजन में प्रेम, सौहार्द और उल्लास का अद्भुत मेल देखने को मिला, जिसने सभी प्रतिभागियों के मन को प्रसन्न किया। कार्यक्रम की खास आकर्षण श्रीकृष्ण के रूप में मोहिनी गुप्ता की मनमोहक प्रस्तुति रही। उनका आकर्षक वेशभूषा, भावपूर्ण अभिनय और नृत्य ने सभी का दिल जीत लिया तथा विशेष सराहना प्राप्त की। आयोजन के संयोजन की जिम्मेदारी रेशु गुप्ता एवं संगीता मेहता ने कुशलता से निभाई, जिसके फलस्वरूप पूरा कार्यक्रम सुव्यवस्थित और सफल रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मंजू बाला जैन, सरिता महाजन, अरुणा सोनी, नगर अध्यक्ष रुपाली गुप्ता, रीना जैन, रितु गुप्ता उपस्थित रहीं।

# गौवंश के अवशेष के अपमान का आरोप, सर्व गौरक्षक-सर्व हिन्दू समाज का प्रदर्शन

- आठ दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो भूख हड़ताल की चेतावनी




**देवास।** नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड पर गौवंश के अवशेष को कथित रूप से अव्यवस्थित तरीके से फेंके जाने के विरोध में सोमवार को सर्व गौरक्षक एवं सर्व हिन्दू समाजजन ने प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिक निगम देवास के आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। गौसेवक सयाजी द्वार स्थित लाल गेट के राजा मंदिर परिसर में एकत्रित हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए नगर निगम कार्यालय पहुंचे। गौ सेवको का आरोप है कि 24 फरवरी 2026 को ट्रेंचिंग ग्राउंड पर नगर निगम कर्मचारियों द्वारा गौमाता के शवों को विधि-विरुद्ध एवं असम्मानजनक तरीके से फेंका गया, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि विरोध जताने पहुंचे गौरक्षकों के साथ कर्मचारियों ने कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। प्रदर्शनकारियों के अनुसार गौरक्षको के विरुद्ध अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया गया है, जिसका सर्व समाज ने विरोध किया है।

### गौ सेवकों की मांग

गौ सेवकों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा दर्ज प्रकरणों की समीक्षा कर उचित निर्णय लिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आठ दिवस के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो भूख हड़ताल सहित उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जिले भर से बड़ी संख्या में गौसेवक एवं समाजजन उपस्थित रहे।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को लेकर मिले कलेक्टर से

**देवास।** आंगनवाड़ी संघ के पदाधिकारी के डेलीकेट ने प्रदेश महामंत्री रंजना राणा के नेतृत्व में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं के लिए कलेक्टर ऋतुराज सिंह से भेंट की।

बताया कि आगामी जनगणना का कार्य प्रारंभ होने जा रहा है पूर्व में जब जनगणना का काम हुआ था तो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी उसमें लगाई गई थी लेकिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उसका कोई मानदेय नहीं दिया गया और शिक्षकों के खाते में राशि वितरण हुई थी। यदि जनगणना के कार्य में कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई जाती है तो उन्हें भी शिक्षकों के समान ही मानदेय दिया जाए और कार्यकर्ताओं को जनगणना अधिकारी बनाया जाए।




सहायक में कार्यकर्ताओं की ड्यूटी नहीं लगाई जाए क्योंकि कार्य तो कार्यकर्ताओं को ही करना पड़ेगा और राशि शिक्षकों के खाते में जाएगी। एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य में कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत से काम किया लेकिन फिर भी उन्हें कोई राशि नहीं दी गई।

आभा आईडी, अपार आईडी बनने में समस्या आ रही है हितग्राही समग्र सत्यापन नहीं हो रहे, क्योंकि हितग्राहियों ने अपने पेपर अपडेट नहीं कराए है। जनगणना के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी के कार्य से मुक्त रखा जाए। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रंजना राणा, संभाग उपाध्यक्ष शर्मिला ठाकुर, जिला महामंत्री स्नेह लता गौड, सोनू पाठक, दीक्षिता त्रिवेदी आदि उपस्थित थे।

# सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा

**देवास।** निगम बैठक हाल में प्रति सप्ताह आहूत की जाने वाली समयावधि पत्रों की समीक्षा के अन्तर्गत सोमवार 02 मार्च को आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा निगम अधिकारियों के साथ समयावधि पत्रों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में आयुक्त ने स्वनिधि से समृद्धि, संबल योजना, कर्मकार कल्याण योजना से संबंधित जानकारी तथा पीएम स्वनिधि अन्तर्गत विक्रेताओं को क्रेडिट कार्ड प्रदान किये जाने संबंधी में जानकारी लेते हुए क्रेडिट कार्ड पर फोकस करने हेतु निर्देश दिये। ई केवाईसी एवं वेरिफिकेशन तथा नवीन आवेदनों की जानकारी सामाजिक सुरक्षा पेंशन अधिकारी से ली तथा ई केवायसी पर ध्यान आकर्षण करते हुए लक्ष्य पूर्ति करने हेतु कहा। निगम आयुक त ने आवारा मवेशी/ आवारा श्वानों से संबंधित शिकायतों पर चर्चा कर आवारा मवेशियों एवं आवारा श्वानों को पकड़ने के निर्देश दिये। समस्त उपयंत्रियों को वार्डवार बिल्डिंग परमीशन से संबंधित कम्पांउडिंग के दिये लक्ष्य की पूर्ति नहीं होने से आयुक्त ने अप्रसन्नता व्यक्त की।

# अटल फाउंडेशन में जिला अध्यक्षों की घोषणा

**देवास।** भारतीय जनता पार्टी समर्थित संगठन मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन राज्य इकाई भोपाल के अध्यक्ष पवन हिंदू ने विदिशा जिला अध्यक्ष पद के लिए चंद्र मोहन शर्मा एवं अशोक नगर जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा के लिए उषा लोधी को नियुक्त किया नियुक्ति पर अटल फाउंडेशन कार्यकर्ताओं में हर्ष नियुक्ति के बाद शर्मा एवं लोधी भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रचार कर पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने का कार्य करेंगे

**एक नजर में** — थोक बाजार में भी कीमतें कम मिल रहीं 5 से 7 रुपए किलो तक

# इस बार आलू फसल का निकला दम, दाम भी मिल रहे कम

**बागली।** कदं फसलों में शामिल आलू फसल किसानों की लॉटरी फसल रहती है। कम समय में आने वाली यह फसल लगभग हर समय फायदे का सौदा साबित हुई है, लेकिन इस बार उत्पादन में भी कमी आई और बाजार भाव में भी कमी आई है।

### पिछले वर्ष की तुलना में आधा

इसका मुख्य कारण मालवा क्षेत्र का आलू ही उत्पादन में कमी है बाकी अन्य क्षेत्र में बंपर उत्पादन हुआ है। बागली के नजदीक बेहरी गुराडिया लखवाडा आदि क्षेत्र में किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में इस फसल को लगाया गया था। लेकिन विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष का उत्पादन आधे से भी काम निकल रहा है।

आलू उत्पादक किसानों ने बताया कि पिछले वर्ष प्रति बीघा 70 से 80 क्विंटल उत्पादन आया था जो लागत बीज का 10 गुना था वर्तमान में लागत बीज का 5 गुण भी मुश्किल से बैठ रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण आलू फसल के मध्यवर्ती समय में तापमान में गिरावट रहा है। इस फसल को 15 डिग्री से 20 डिग्री के मध्य तापमान की आवश्यकता रहती है लेकिन जनवरी के प्रथम सप्ताह में तापमान 7 डिग्री से 10 डिग्री के बीच 15 दिनों तक रहा था उसे कारण से इस फसल की बढ़ोतरी उचित तरीके से नहीं हो पाई किसान भोजराज डांगी श्रीराम पाटीदार महेंद्र डांगी सूरज पाटीदार रामचंद्र दागीं ने बताया कि लंबे अरसे के बाद उत्पादन कम हुआ है और दूसरी परेशानी यह भी है कि इस वर्ष थोक मूल्य भाव 5 से 7 रू किलो तक ही मिल पा रहा है जबकि विगत वर्ष 15 से 16 रू किलो तक भाव मिले थे।



### व्यापारियों ने भी इस बार अधिक रुचि नहीं ली

कृषि विशेषज्ञ और वैज्ञानिक डा.अशोक कुमार दीक्षित ने बताया कि मालवा क्षेत्र में मौसम अनुकूल नहीं रहा जबकि अन्य क्षेत्र में बंपर उत्पादन हुआ है मंडी में अन्य स्थानों से आलू की आवक बहुत अधिक होने से भी भाव में कमी है। चिप्स बनाने वाले व्यापारियों ने भी इस बार अधिक रुचि नहीं ली यह भी प्रमुख कारण भाव कमी का है।